तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

# हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 11 अगस्त 2026

10 शिवालयों में गूंजा हर-हर महादेव


11 शिवरीनारायण मेला में शामिल हुए राजेश्री महन्त




B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड-114336
काउंसलिंग अंतिम तिथि
12/08/26
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
9340311314, 9098849923
9303893829, 9300850065

## बाहरी मजदूरों और किराएदारों के सत्यापन के लिए पुलिस का सघन अभियान

### औद्योगिक क्षेत्रों व संवेदनशील इलाकों में की जांच, 68 संदिग्धों के फिंगरप्रिंट लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में कानून-व्यवस्था मजबूत करने और आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से सिटी कोतवाली पुलिस ने रविवार शाम बाहरी राज्यों एवं जिलों से आकर निवासरत मजदूरों, किराएदारों और संदिग्ध व्यक्तियों के सत्यापन के लिए विशेष चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देश और एसडीओपी बलौदाबाजार उषा सोन्धिया के मार्गदर्शन में तीन विशेष टीमों ने औद्योगिक क्षेत्रों, लेबर कॉलोनियों तथा शहर के संवेदनशील इलाकों में एक साथ ▶▶ शेष पेज 11 पर



#### बिना सत्यापन मजदूर रखने पर होगी कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने मकान मालिकों, ठेकेदारों और औद्योगिक संयंत्र प्रबंधकों से बाहरी मजदूरों, कर्मचारियों एवं किराएदारों का अनिवार्य पुलिस सत्यापन कराने की अपील की है। उन्होंने चेतावनी दी कि बिना सत्यापन किसी संदिग्ध व्यक्ति को शरण देने या काम पर रखने पर संबंधित के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने बताया कि जिले में यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। संदिग्ध व्यक्ति या संभावित अवैध प्रवासी की सूचना पुलिस के टोल फ्री नंबर पर देने की अपील की गई है।



#### शहर के संवेदनशील इलाकों में जांच

निरीक्षक अश्वनी सिन्हा के नेतृत्व में टीम ने बलौदाबाजार शहर के भैंसापसरा और रामसागरपारा सहित आंतरिक एवं संवेदनशील क्षेत्रों में किराएदारों तथा बाहरी व्यक्तियों के दस्तावेजों की जांच की। पुलिस ने मकान मालिकों को किराएदारों का अनिवार्य पुलिस सत्यापन कराने के निर्देश दिए।

#### लेबर कॉलोनी में भी कार्रवाई

सहायक उप निरीक्षक पुष्पा राठौर के नेतृत्व में टीम ने न्यू विस्टा सीमेंट संयंत्र रिसदा की लेबर कॉलोनी में जांच की। यहां करीब 50 लोगों से पूछताछ कर दस्तावेजों का सत्यापन किया गया तथा 18 संदिग्ध व्यक्तियों के फिंगरप्रिंट लिए गए।

### खबर संक्षेप

#### हथबंद का प्रभार नहीं लेने पर पंचायत सचिव निलंबित

**सिमगा।** ब्लॉक अंतर्गत पंचायत सचिव हीरालाल यादव द्वारा ग्राम पंचायत हथबंद का प्रभार आज पर्यन्त तक नहीं लिये जाने, वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों-निर्देशों का पालन नहीं करने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। नोटिस का जवाब संतोषप्रद नहीं होने, सचिवीय दायित्वों के निवर्हन में रुचि नहीं लेने एवं कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही बरतने के कारण छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा नियम 1999 के भाग दो नियम 4 के तहत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बलौदाबाजार -भाटापारा द्वारा हीरालाल यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। निलंबन अवधि में ग्राम पंचायत सचिव का मुख्यालय जनपद पंचायत सिमगा निर्धारित किया गया है, एवं उन्हें इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता रहेगी।

#### किशोर के साथ मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम बिटांगीपाली में एक किशोर के साथ मारपीट के मामले में आरोपियों के विरूद्ध बसना थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि गांव की गोपिका साव ने रिपोर्ट लिखाई है कि 9 अगस्त की शाम चार बजे उसके 16 वर्षीय बेटे जितेश साव पिता तेजकुमार साव के साथ प्राथमिक शाला बिंटांगीपाली के पास आर्यन साव व उसके साथी के द्वारा पुरानी बात को लेकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का, डंडे व हाथ में पहने कड़ा से मारपीट किया गया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएन्एस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

#### जुआ खेल रहे चार लोगों पर हुई कार्रवाई

**महासमुंद।** थाना महासमुंद पुलिस ने ग्राम भलेसर स्थित शीतला मंदिर के पास कार्रवाई करते हुए काट पत्ती नामक जुआ खेल रहे चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 47,400 रुपए का सामान जब्त किया है। पुलिस के अनुसार, 9 अगस्त की शाम मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम भलेसर में कुछ लोग अवैध रूप से काट पत्ती जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ग्राम भलेसर स्थित शीतला मंदिर के पास पहुंची और घेराबंदी कर मौके पर चार लोगों को पकड़ा गया। पकड़े गए लोगों ने अपने नाम उदय सिन्हा (32), देवनारायण सिन्हा (40), कमलेश सिन्हा (31) और दुष्यंत सिन्हा (50), सभी निवासी ग्राम भलेसर होना बताया। आरोपियों के कब्जे से नगद रकम, मोटर साइकिल समेत कुल 47,400 रुपए का सामान बरामद किया गया।

#### महादेव मंदिर में मनाया प्रथम स्थापना दिवस



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में सावन महीना के दूसरा सोमवार को भगवान तिलकेश्वर महादेव मंदिर प्रथम स्थापना दिवस मनाया गया। भगवान तिलकेश्वर महादेव में शिवलिंग का जलाभिषेक दुग्धाभिषेक रूद्राभिषेक पूजा कर के महाप्रसाद का वितरण किया गया।

### 12 घंटे ड्यूटी के बदले 16 हजार वेतन और महिलाओं को 200 रोज देने की शिकायत

## फैक्ट्री के गेट पर मजदूरों का धरना, 6 घंटे चला प्रदर्शन, प्रबंधन के आश्वासन बाद समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा-नेवरा

तिल्दा के पास ग्राम टंडवा और सिलपट्टी के बीच स्थित वक्कल केबल एंड ट्रांसमिशन लिमिटेड के खिलाफ मजदूरों और ग्रामीणों ने सोमवार को फैक्ट्री गेट पर धरना-प्रदर्शन किया। सिलपट्टी के सरपंच लोकेश कश्यप के नेतृत्व में ग्रामीण और मजदूर सुबह करीब 8 बजे कंपनी के मुख्य गेट पर पहुंचे और नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने किसी को भी फैक्ट्री के अंदर आने-जाने नहीं दिया।

ग्रामीणों ने एसडीएम को दिए ज्ञापन में कंपनी प्रबंधन पर मजदूरों का शोषण करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि मजदूरों से करीब 12 घंटे काम कराने के बावजूद 16 हजार प्रतिमाह वेतन दिया जाता है। वहीं महिला श्रमिकों को कथित तौर पर 200 प्रतिदिन देकर 8 घंटे काम कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने श्रम नियमों का पालन नहीं करने का भी आरोप लगाया।प्रदर्शनकारियों ने फैक्ट्री से होने वाले प्रदूषण को लेकर भी नाराजगी जताई। उनका आरोप है कि प्रदूषण के कारण ग्रामीण परेशान हैं और फसलों को भी नुकसान हो रहा है। ग्रामीणों ने प्रदूषण पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। इसके अलावा गांव के विकास कार्यों में कंपनी द्वारा सहयोग नहीं किए जाने और सीएसआर के माध्यम से कोई काम नहीं कराए जाने की शिकायत भी की गई।



#### कंपनी सीएसआर की श्रेणी में नहीं आती : सरपंच लोकेश

सरपंच लोकेश कश्यप ने बताया कि कंपनी प्रबंधन ने बातचीत के दौरान कहा है कि फिलहाल कंपनी सीएसआर की श्रेणी में नहीं आती, इसलिए सीएसआर मद से राशि खर्च नहीं की जा सकती। हालांकि प्रबंधन ने गांव के विकास कार्यों में अपने स्तर पर सहयोग करने का आश्वासन दिया है।

#### जिला पंचायत सभापति प्रतिनिधि भी आंदोलन में हुए शामिल

धरने में जिला पंचायत सभापति प्रतिनिधि महेंद्र साहू भी मजदूरों के साथ बैठे। उन्होंने कंपनी प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि मजदूरों का शोषण बंद होना चाहिए और गांव के विकास में नियमों के अनुसार सहयोग किया जाना चाहिए, अन्यथा आगे जोरदार आंदोलन किया जाएगा।

#### नियमानुसार ड्यूटी कराने के लिए प्रबंधन तैयार

करीब 6 घंटे तक चले धरना-प्रदर्शन के बाद कंपनी प्रबंधन ने मजदूरों से 8 घंटे ड्यूटी कराने और नियमानुसार वेतन देने का आश्वासन दिया। महिला श्रमिकों को भी सरकार के निर्धारित नियमों के अनुसार मजदूरी देने की बात कही गई। प्रबंधन ने गांव के विकास कार्यों में सहयोग करने का भी आश्वासन दिया, जिसके बाद धरना समाप्त किया गया।

## एसडीएम के आश्वासन बाद ग्रामीणों ने खोला पंचायत का ताला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा-नेवरा

ग्राम देवरी में प्रस्तावित कंपनी को सरपंच और सचिव द्वारा जारी की गई कथित फर्जी एनओसी के मामले में एफआईआर दर्ज नहीं होने से नाराज ग्रामीणों ने रविवार को ग्राम पंचायत में तालाबंदी कर दी थी। मामले ने सोमवार को उस वक्त नया मोड़ लिया, जब बड़ी संख्या में ग्रामीण पंचायत के पांच पदाधिकारियों के साथ एसडीएम कार्यालय पहुंचे। ग्रामीणों ने कथित फर्जी एनओसी मामले में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई और एफआईआर दर्ज करने की मांग रखी। ग्रामीणों से चर्चा के दौरान एसडीएम ने आश्वासन दिया कि 10 दिनों के भीतर जांच प्रक्रिया तेजी से पूरी कर दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम के इस आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत में की गई तालाबंदी खत्म करने पर सहमति जताई।वहीं सोमवार देर शाम करारोपण अधिकारी भगवंत वर्मा ग्राम देवरी पहुंचे। ग्रामीणों की मौजूदगी में ▶▶ शेष पेज 11 पर

■ पंचायत से जारी की गई फर्जी एनओसी की जांच 10 दिनों में पूरा करने का आश्वासन

## नाले पर अवैध कब्जे की कलेक्टर से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पप्पू हासम अली के नेतृत्व में सिमगा एवं बनसांकरा के ग्रामीणों ने सोमवार को ग्राम बनसांकरा में नाला पर अवैध कब्जा एवं निर्माण कार्य रोकने तथा दोषियों पर आवश्यक कार्यवाही किए जाने के संबंध में कलेक्टर बलौदाबाजार को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि बनसांकरा में प्राकृतिक सरफ नाला ग्रामीणों के जल निकासी एवं पर्यावरणीय संतुलन का महत्वपूर्ण स्त्रोत है। जिसे वर्तमान में शंकर लाल गुप्ता पिता ओमप्रकाश गुप्ता एवं अन्य व्यक्तियों द्वारा उक्त नाला भूमि पर अवैधानिक रूप से कब्जा कर नाले को पाटकर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। उक्त कृत्य से प्राकृतिक जल निकासी व्यवस्था बाधित हो रही है, जिससे भविष्य में जलभराव, बाढ़, पर्यावरणीय क्षति एवं ग्रामीणों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। नाला भूमि पर कब्जा एवं निर्माण कार्य शासन के नियमों तथा राजस्व अभिलेखों के विरुद्ध प्रतीत होता है। ▶▶ शेष पेज 11 पर



## जल, जंगल और जमीन के संरक्षण में आदिवासी समुदाय की महत्वपूर्ण भूमिका : इंद्र साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

■ विश्व आदिवासी दिवस के कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक इंद्र साव

विश्व आदिवासी दिवस पर ग्राम कुकदा में आदिवासी समाज द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक इंद्र साव भी शामिल हुए। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होकर अपनी संस्कृति, परंपरा और विरासत का प्रदर्शन किया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी हुआ।



इस अवसर पर विधायक इंद्र साव ने कहा कि आदिवासी समाज में एकता और जागरूकता बढ़ रही है और सभी समाज को अपने इतिहास जानना जरूरी है। इस समाज में अनेक वीर योद्धा व बलिदानी हुए हैं, जिन्होंने समाज व देश के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। शहीद वीर नारयण सिंह, गुंडाधुर, रानी दुर्गावती, भगवान बिरसा मुंडा प्रमुख गौरव हैं।

श्री साव ने कहा कि कोई भी समाज तभी आगे बढ़ता है जब वह अपनी संस्कृति व धरोहर को आगे बढ़ाता है। ऐसा कोई प्रान्त नहीं, जहां इस आदिवासी समाज के वीरों अपने प्राणों की आहुति न दी हो। उन्होंने समाज से आह्वान किया कि संस्कृति और धरोहर के संरक्षण के साथ ही बेटा और बेटियों की शिक्षा भी जरूरी है, क्योंकि शिक्षा ही किसी व्यक्ति ▶▶ शेष पेज 11 पर

### शराब पीने और पिलाने पर आबकारी एक्ट के तहत की गई कार्रवाई

## होटल-ढाबों और चखना सेंटरों में पहुंची पुलिस, शराबखोरी करते 5 लोगों को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में अवैध शराब बिक्री, सार्वजनिक स्थानों पर शराबखोरी तथा शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने वालों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है।

पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में आकस्मिक चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान होटल, ढाबा, ठेला और चखना सेंटरों में शराब पीने-बैठने की सुविधा उपलब्ध कराने तथा सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वाले कुल पांच लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

पुलिस के अनुसार थाना भाटापारा ग्रामीण, सुहेला, पलारी तथा पुलिस चौकी सोनाखान और गिरौदपुरी की टीमों ने अपने-अपने क्षेत्रों में जांच की। कार्रवाई के दौरान सड़क किनारे संचालित होटल, ढाबा और ठेलों में शराबखोरी के लिए सुविधा उपलब्ध कराने तथा अवैध रूप से चखना सेंटर संचालित करने वालों की जांच की गई। वहीं सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते पाए गए लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई।







पुलिस ने बताया कि पकड़े गए सभी पांच आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

पुलिस कार्रवाई में मंगलू 55 वर्ष निवासी ग्राम कुर्रागढ़, चौकी सोनाखान, प्रकाश चंदेल 44 वर्ष निवासी ग्राम तिल्दाबांधा, थाना सुहेला, प्रकाश सागर 40 वर्ष निवासी ग्राम मानाकोनी, चौकी गिरौदपुरी, गैंदराम जांगड़े 44 वर्ष निवासी ग्राम भरूवाडीह, थाना पलारी तथा रामायण यादव 42 वर्ष निवासी ग्राम दतरेंगी, थाना भाटापारा ग्रामीण के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में अवैध गतिविधियों, जुआ-सट्टा, अवैध शराब कारोबार और सार्वजनिक स्थानों पर शराबखोरी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। पुलिस ने होटल, ढाबा और अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठान संचालकों को नियमों का पालन करने की हिदायत दी है।

## करहीबाजार-शिवनाथ नदी पुल पर मवेशियों का जमावड़ा



**करहीबाजार।** करहीबाजार क्षेत्र में शिवनाथ नदी पर बने पुल पर इन दिनों आवारा एवं पालतू मवेशियों का लगातार जमावड़ा राहगीरों और वाहन चालकों के लिए गंभीर परेशानी का कारण बना हुआ है। पुल के बीचों-बीच तथा दोनों ओर मवेशियों के बैठे और घूमते रहने से आवागमन बाधित हो रहा है। तेज रफ्तार से आने वाले वाहनों के सामने अचानक मवेशियों के आ जाने से किसी भी समय बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार सुबह से लेकर देर शाम तक पुल पर बड़ी संख्या में मवेशी देखे जा सकते हैं। कई बार वाहन चालक मवेशियों को बचाने के प्रयास में अचानक ब्रेक लगाते हैं या वाहन को दूसरी दिशा में मोड़ देते हैं। ऐसे में सामने से आने वाले वाहनों से टक्कर होने का खतरा बना रहता है। विशेष रूप से दोपहिया वाहन चालकों के लिए स्थिति और भी चिंताजनक है। ▶▶ शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप

### एमबीबीएस स्टाइपेंड वृद्धि के पक्ष में उतरा एबीवीपी

**रायपुर।** एमबीबीएस इंटर्न द्वारा की जा रही स्टाइपेंड वृद्धि के समर्थन में अब अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद भी आ गया है। स्टाइपेंड वृद्धि की मांग को लेकर शुरू की गई अनिश्चितकालीन हड़ताल को एबीवीपी ने अपना समर्थन दिया है। अभाविप का कहना है कि चिकित्सा शिक्षा पूरी करने के बाद इंटर्न डॉक्टरों से अस्पतालों में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई जाती हैं। उन्हें उनके कार्य, जिम्मेदारी और प्रशिक्षण की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए अन्य राज्यों के अनुरूप एक सम्मानजनक एवं उचित स्टाइपेंड मिलना चाहिए। प्रदेश मंत्री अनंत सोनी ने कहा, वर्तमान स्टाइपेंड उनकी जिम्मेदारियों और कार्यभार के अनुरूप नहीं है। अभाविप इंटर्न डॉक्टरों की जायज मांग का पूर्ण समर्थन करती है और सरकार से मांग करती है कि अन्य राज्यों में दिए जा रहे स्टाइपेंड का अध्ययन करते हुए छत्तीसगढ़ में भी इंटर्न डॉक्टरों को सम्मानजनक एवं उचित स्टाइपेंड प्रदान किया जाए।

### मोंटी रायपुर संभाग युवा प्रकोष्ठ महामंत्री नियुक्त

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ द्वारा रायपुर संभाग युवा प्रकोष्ठ की प्रथम सूची में हेमंत मोंटी साहू को महामंत्री नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष डा. निरेन्द्र साहू, युवा प्रकोष्ठ संयोजक शशिकांत साहू की अनुशंसा पर रायपुर संभाग संयोजक मनीष साहू द्वारा की गई। संगठन में सक्रिय भूमिका और समाज के प्रति उनके समर्पण को देखते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौपी गई है।

### असम के बाढ़ प्रभावितों की मदद, छत्तीसगढ़ सरकार देगी 5 करोड़ रुपए

**रायपुर।** असम में बाढ़ से उत्पन्न गंभीर परिस्थितियों के बीच मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मानवीय संवेदना और अंतरराज्यीय सहयोग की भावना के साथ बाढ़ प्रभावित लोगों की सहायता के लिए छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से 5 करोड़ रुपये की सहायता राशि प्रदान करने का निर्णय लिया है।

यह राशि असम में चल रहे राहत एवं पुनर्वास कार्यों में सहयोग के लिए प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा से दूरभाष पर चर्चा कर राज्य में बाढ़ से उत्पन्न परिस्थितियों की जानकारी ली।

### देवेंद्र का सीएम को पत्र भर्ती परीक्षा तिथियों में संशोधन की मांग

**रायपुर।** एआईसीसी के राष्ट्रीय सचिव एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर राज्य की भर्ती एजेंसियों के मध्य समन्वय की कमी के कारण हजारों अभ्यर्थियों के सामने परीक्षा के चुनाव करने की समस्या के विषय में ध्यानाकर्षण कराया है। उन्होंने तिथियों में संशोधन करने की मांग भी की है। देवेंद्र ने कहा, मिली जानकारी अनुसार आगामी भर्ती परीक्षाओं से हजारों अभ्यर्थी केवल परीक्षा तारीखों के चलते अवसरों से वंचित होने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री को पत्र प्रेषित कर इसमें संशोधन करने की मांग की है। ताकि सभी को समान स्वतंत्र अवसर मिले। जैसा कि पुलिस भर्ती प्रक्रिया में मुख्य परीक्षा हेतु चयनित हुए 7301 अभ्यर्थी आगामी 24, 25 एवं 26 अक्टूबर को मुख्य परीक्षा में बैठने वाले हैं।

## बेलपत्र, धतूरा, फूल और प्रसाद चढ़ाकर की भोलेनाथ की पूजा

# शिवालयों में गूंजा हर-हर महादेव

**हरिभूमि न्यूज ⏭ करहीबाजार**

सावन माह के दूसरे सोमवार को भगवान शिव की आराधना के लिए रामपुर क्षेत्र के शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों का पहुंचना शुरू हो गया था। श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर बेलपत्र, धतूरा, फूल एवं प्रसाद अर्पित किया और सुख-समृद्धि की कामना की। सावन सोमवार को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे सुबह-सुबह मंदिर पहुंचे। श्रद्धालुओं ने पवित्र जल से भगवान शिव का अभिषेक करते हुए हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारे लगाए, जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया।मंदिरों में सुबह से ही पूजा-अर्चना का सिलसिला चलता रहा। कई श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का विशेष श्रृंगार कर पूजा की तथा परिवार की सुख-शांति और क्षेत्र की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिर समितियों एवं स्थानीय लोगों द्वारा व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग किया गया।



### लोपेश्वर महादेव में भक्तों की उमड़ी भीड़



**मुंडा।** ग्राम कोनारी स्थित प्रसिद्ध लोपेश्वर महादेव मंदिर में सावन मास के सोमवार पर पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। लोकमान्यता के अनुसार, प्राचीन समय में गांव के एक लोहार के कार्यस्थल पर शिवलिंग प्रकट होने लगा था। लोहार द्वारा शिवलिंग पर घन (हथौड़ा) से प्रहार करने के कारण वह दो भागों में बंट गया, जिसका निशान आज भी शिवलिंग पर दिखाई देता है। कहा जाता है कि इस घटना के बाद उस लोहार का वंश समाप्त हो गया। बाद में गांव के मालगुजारों ने शिवलिंग को वहां से ले जाना चाहा, लेकिन भगवान शिव ने स्वप्न में दर्शन देकर ऐसा करने से मना कर दिया। व्यवस्था में मंदिर समिति के सदस्य पुजारी फेरहा राम साहू, वेद प्रकाश कन्नौज, वेद नारायण पटेल, ललित पटेल, विश्राम पटेल, वेद प्रकाश पटेल, फूलेश साहू, हरीश पटेल, रामकुमार यादव, विनोद पटेल, घनश्याम साहू, राजू साहू, दिनेश सेन एवं सुरजीत पटेल सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं।

### सावन सोमवार पर बच्चों ने निकाली कांवड़ यात्रा



**अर्जुनी।** सावन सोमवार पर सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अर्जुनी में कांवड़ यात्रा निकाली गई। शिशु वाटिका कक्षा अरुण से द्वितीय तक के नन्हें भैया-बहनों ने विद्यालय परिसर से विद्यानगर स्थित शिवलिंग तक कांवड़ यात्रा निकाली। विद्यानगर स्थित शिवलिंग पहुंचकर बच्चों ने पूजा-अर्चना की तथा भगवान शिव का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि एवं मंगल की कामना की। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य चैनसिंग वर्मा मार्गदर्शन रिपुसूदन श्रीवास किशोरी लाल ध्रुव, कमला वर्मा, पार्वती ध्रुव एवं भागमती निषाद सहित समस्त आचार्य-दीदियों की सहभागिता रही।



# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सीखी डिजिटल लेनदेन प्रक्रिया



**हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार**

जिले के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों के कार्यकर्त्ताओं ने सोमवार को जिला मुख्यालय बलौदाबाजार स्थित पं. चक्रपाणी शुक्ल हाई स्कूल में जिला प्रशासन द्वारा संचालित जिला फाइनेंस लैब का भ्रमण किया। इस दौरान लैब के अनुदेशकों ने डिजिटल लेनदेन, साइबर फ़्रॉड, वित्तीय जोखिम,सुरक्षित निवेश आदि की सहज़ ढंग से जानकारी दी।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने जिला फाइनेंस लैब में उपलब्ध सुविधा और वित्तीय साक्षरता के लिए दी जा रही प्रशिक्षण को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा क्रीं लैब में विभिन्न खेलों के माध्यम से लेनदेन के तरीके को और व्यापारिक गतिविधियों को आसानी से समझा जा सकता है।

जिले में अर्थशाला के माध्यम से प्रत्येक दिन अलग-अलग वर्गों के



लिए विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। सोमवार को कक्षा 11वीं एवं 12वीं के स्कूली विद्यार्थियों, मंगलवार को महिला स्व-सहायता समूहों, बुधवार को किसानों तथा गुरुवार को महाविद्यालयीन विद्यार्थियों को वित्तीय प्रबंधन, निवेश, साइबर सुरक्षा और डिजिटल वित्तीय साक्षरता से जुड़े विषयों पर प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है।

# राहुल गांधी के छात्र संवाद को कांग्रेस ने प्रोजेक्टर के माध्यम से देखा - सुना

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार**

प्रयागराज में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा छात्रों एवं युवाओं के साथ किए गए महत्वपूर्ण संवाद कार्यक्रम छात्रों की गूंज का जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में प्रोजेक्टर के माध्यम से अवलोकण किया गया। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुश्री सुमित्रा घृतलहरे की उपस्थिति रही।

इस दौरान राहुल गांधी ने देश के युवाओं एवं छात्रों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा बेरोजगारी, पेपर लीक, प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितता, शिक्षा व्यवस्था एवं युवाओं के भविष्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर खुलकर संवाद किया।



कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों ने कहा कि राहुल गांधी का छात्रों के बीच जाकर उनकी बात सुनना और उनकी आवाज को मजबूती से उठाना लोकतांत्रिक संवाद की सकारात्मक मिसाल है। आज देश का युवा रोजगार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था चाहता है। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष दीपक साहू, शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण सेन, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र बंजारे, सहित समस्त युवा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# छात्र-छात्राओं ने निकाली तिरंगा यात्रा

**हरिभूमि न्यूज ⏭ रवान**

ग्राम भरसेला बड़ा में में डॉ. कमलेश कुमार सेन प्रधान पाठक के मार्गदर्शन में हाई स्कूल, प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने सोमवार को हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत तिरंगा यात्रा निकाली। इस यात्रा में विद्यालय के बच्चे और शिक्षक हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर शामिल हुए। भारत माता की जय और अन्य देशभक्ति नारों से पूरा माहौल राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत हो गया।

बच्चों ने तिरंगा यात्रा में पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ भाग लिया। वे हाथों में तिरंगा लिए एक कतार में आगे बढ़ते रहे। यात्रा के दौरान शिक्षकों ने बच्चों को राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा, स्वतंत्रता दिवस के महत्व और देश के प्रति नागरिकों के कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी। इस यात्रा में शिक्षक संकुल प्राचार्य फलेन वर्मा, समन्वयक अमित अवस्थी, शिक्षक विजय लहरे, तथा बुद्धेश्वर पैकरा पंच, प्रेम



लाल कन्नौजे, लखन पैकरा, देवेंद्र गौतम, पंकज सहित ग्रामवासी व बच्चे शामिल थे। शिक्षकों ने बताया कि ऐसे आयोजनों का मुख्य उद्देश्य बच्चों में देशभक्ति के साथ-साथ अनुशासन, एकता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है।

डॉ. कमलेश कुमार सेन ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं होना चाहिए। बच्चों में राष्ट्र प्रेम, राष्ट्रीय मूल्यों और एक जिम्मेदार नागरिक बनने की भावना विकसित करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

## ओपीएस बहाली के लिए सौंपा ज्ञापन

# छत्तीसगढ़ पॉवर कंपनीज के 12 संगठनों ने सीएम से की मुलाकात



**हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर**

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के अधिकारी-कर्मचारी पुरानी पेंशन अधिकार मंच से जुड़े 12 संगठनों के प्रतिनिधियों ने शनिवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर दो प्रमुख मुद्दों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

शिष्टमंडल ने मुख्यमंत्री के समक्ष 1 अप्रैल 2004 के बाद नियुक्त करीब 10 हजार कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) बहाल करने की मांग रखी। प्रतिनिधियों ने बताया कि इस संबंध में ऊर्जा विभाग की ओर से 6 अक्टूबर 2023 को प्रक्रिया पूरी किए जाने का हवाला देते हुए मुख्यमंत्री से आवश्यक आदेश जारी कराने का आग्रह किया गया।

# धान खरीदी कंप्यूटर ऑपरेटर संघ आंदोलन की तैयारी में, प्रांतीय बैठक में लिया निर्णय



**हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर**

छत्तीसगढ़ समर्थन मूल्य कंप्यूटर आपरेटर संघ की प्रांतीय बैठक राजधानी में आयोजित की गई। बैठक में पदाधिकारियों ने 4 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन करने का निर्णय लिया है। संघ ने यह मांग की है कि शासन द्वारा संवाद कर उनकी समस्याओं का स्थायी निराकरण किया जाए। यदि ऐसा नहीं हुआ तो छत्तीसगढ़ समर्थन मूल्य कंप्यूटर आपरेटर संघ द्वारा अपनी लंबित मांगों को लेकर महा आंदोलन किया जाएगा।

### 12 महीने का वेतन पूर्व वर्ष अनुसार प्रदान करने, वरिष्ठता आधार पर पदोन्नति की मांग

प्रदेशभर की सहकारी समितियों के धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटरों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर महाआंदोलन की तैयारी शुरू कर दी है। राजधानी रायपुर में गत दिनों हुई संघ की प्रांतीय बैठक में पदाधिकारियों ने आगामी आंदोलन को लेकर चर्चा की। कंप्यूटर आपरेटर संघ की प्रमुख मांगों में 12 माह का वेतन शासन द्वारा पूर्व वर्ष अनुसार प्रदान करने, बढ़ती महंगाई और विभागीय कार्यों में लगातार वृद्धि को देखते हुए वेतनमान में वित्त

## एम्स के राष्ट्रीय सम्मेलन में सीधा प्रसारण

# मुंबई के डॉक्टर ने आंबेडकर अस्पताल में की गले के कैंसर की सर्जरी



**हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर**

मुंबई से आए प्रसिद्ध हेड एंड नेक सर्जन डॉ. प्रथमेश पई ने आंबेडकर अस्पताल में गले के कैंसर से पीड़ित मरीज की सर्जरी की, जिसका सीधा प्रसारण एम्स में चलने वाले ईएनटी के राष्ट्रीय सम्मेलन में किया गया। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में आयोजित इस दो दिनी सम्मेलन में देशभर के प्रतिष्ठित ईएनटी सर्जन, हेड एंड नेक सर्जन, सर्जिकल एवं मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट, मैक्सिलोफेशियल सर्जन, पैथोलॉजिस्ट, रेडियोलॉजिस्ट, न्यूक्लियर मेडिसिन विशेषज्ञ, स्नातकोत्तर विद्यार्थी एवं युवा चिकित्सक शामिल हुए। सम्मेलन में एम्स नई दिल्ली, पीजीआईएमईआर चंडीगढ़, एसजीपीजीआई लखनऊ, मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज नई दिल्ली, एनसीआई नागपुर, एम्स नागपुर, एम्स भोपाल, और एम्स बिबीनगर सहित देश के कई प्रतिष्ठित संस्थानों के विशेषज्ञ एवं प्रतिनिधि शामिल हुए। लाइव सर्जरी के दौरान डा. प्रथमेश पई ने आधुनिक हेड एंड नेक सर्जरी में मूलभूत एवं वैज्ञानिक सर्जिकल सिद्धांतों के महत्व पर प्रकाश डाला।

# शिक्षक भर्ती से व्यायाम शिक्षकों के पद गायब, अभ्यर्थी नाराज

## भविष्य की सता रही चिंता

**हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर**

राज्य में जारी शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में व्यायाम शिक्षक के पद शामिल नहीं किए जाने से अभ्यर्थियों में बेहद नाराजगी व्याप्त है। उनका कहना है कि सरकार के पूर्व आश्वासनों और विभागीय स्तर पर स्वीकृत पदों के बावजूद अंतिम भर्ती विज्ञापन से व्यायाम शिक्षक के पद हटा दिए गए, जिससे हजारों अभ्यर्थियों का भविष्य अधर में है।

अभ्यर्थियों का कहना है कि वर्ष 2012 में 250 व्यायाम शिक्षक पर भर्ती निकली उसके बाद सीधे वर्ष 2019 में व्यायाम शिक्षक के 745 पदों पर भर्ती निकाली गई थी जिसमें से 150 बैकलॉग हो गए। इसके बाद सरकार बदलने और कोविड-19 महामारी के कारण लंबे समय तक नई भर्ती नहीं हो सकी। वर्ष 2023 में शिक्षक भर्ती की घोषणा हुई, तत्कालीन सरकार ने 1,440 व्यायाम शिक्षक पद सृजित कर अगली भर्ती में शामिल करने की घोषणा की थी। अभ्यर्थियों का कहना है कि बाद में तत्कालीन शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने 33 हजार शिक्षक भर्ती की घोषणा की थी। इसके बाद भर्ती प्रक्रिया में कई बार संशोधन हुआ और पदों की संख्या घटते-घटते पहले 30 हजार, फिर करीब 16,500 और अब लगभग 5,000 रह गई।

*सर्व आदिवासी समाज के पदाधिकारियों ने डीएड अभ्यर्थियों को दिया समर्थन*

# विश्व आदिवासी दिवस पर डीएड अभ्यर्थियों का प्रदर्शन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर**

छत्तीसगढ़ डीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थियों ने रविवार को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर सहायक शिक्षकों के रिक्त पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर रैली निकाली। सर्व आदिवासी समाज के बैनर तले निकाली गई यह रैली राजधानी के बूढ़ापारा स्थित सरदार बलबीर सिंह जुनेजा आडिटोरियम से शुरू होकर विभिन्न मार्ग होते हुए जयस्तंभ चौक पहुंची। इस दौरान सर्व आदिवासी समाज के प्रमुख पदाधिकारियों ने डीएड अभ्यर्थियों को अपना पूर्ण समर्थन दिया।

वक्तओं ने इस मौके पर कहा कि सहायक शिक्षक भर्ती प्रक्रिया के तहत कुल 1316 पद रिक्त हैं, जिनमें से 800 पद से



रैली भी निकाली

अधिक पद अनुसूचित जनजाति वर्ग के आरक्षित पद हैं। आंदोलनकारियों और समाज के प्रतिनिधियों ने इस पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए कहा कि यह विडंबना पूर्ण बात है कि शासन का शीर्ष नेतृत्व आदिवासी समाज के पास होने के बाद भी समाज के युवाओं को अपने हक के लिए सड़कों पर उतरना पड़ रहा है।

उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय के स्पष्ट आदेशों के बाद भी इन पदों पर नियुक्ति न दिया जाना सीधे तौर आदवासी युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ और उनका शोषण है। अपनी मांग को लेकर सड़क पर उतरे डीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थियों ने कहा है कि यदि पात्र अभ्यर्थियों को जल्द नियुक्ति नहीं दी गई तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

### देशभर के 32 फर्जी विश्वविद्यालयों की सूची जारी छग से एक भी नहीं, सर्वाधिक 12 दिल्ली में

**हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर**

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने देशभर के 32 फर्जी विश्वविद्यालयों की सूची जारी की है। इस सूची में छग से एक भी विश्वविद्यालय नहीं है। सर्वाधिक 12 विवि दिल्ली के हैं। ऑनलाइन लर्निंग, डिस्टेंस एजूकेशन और नए निजी विवि के बढ़ते दौर में कई छात्र बिना जांच-पड़ताल किए ऐसे संस्थानों में दाखिला ले लेते हैं जो असल में फर्जी होते हैं। ऐसे मामलों में छात्रों का समय, पैसा और भविष्य तीनों दांव पर लग जाते हैं। इसी खतरे को देखते हुए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने छात्रों और अभिभावकों के लिए यह अलर्ट जारी किया है। यूजीसी ने देशभर में 32 फर्जी विश्वविद्यालयों की पहचान करते हुए उनकी सूची सार्वजनिक कर दी है। आयोग ने साफ कहा है कि इन संस्थानों की ओर से दी जाने वाली डिग्रियों की कोई मान्यता नहीं है। यूजीसी के अनुसार देश में 32 ऐसे संस्थान संचालित हो रहे हैं जो बिना वैध अनुमति के खुद को विश्वविद्यालय बताकर छात्रों को डिग्री देने का दावा कर रहे हैं। ये संस्थान यूजीसी अधिनियम का उल्लंघन कर रहे हैं और इन्हें किसी भी प्रकार की मान्यता प्राप्त नहीं है। ऐसे संस्थानों से मिलने वाली डिग्रियां सरकारी नौकरी, उच्च शिक्षा या किसी भी आधिकारिक उद्देश्य के लिए मान्य नहीं होंगी। यूजीसी ने सभी छात्रों और अभिभावकों से अपील की है कि किसी भी विश्वविद्यालय, कॉलेज या ऑनलाइन कोर्स में दाखिला लेने से पहले उसकी मान्यता की पूरी जांच करें।

## खबर संक्षेप



### आयुर्वेदिक शिविर का 150 लोगों ने उठाया लाभ

**पलारी।** ग्राम पंचायत बिनौरी में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर आयुर्वेद ग्राम छेरकापुर द्वारा किया गया, जिसमें विभिन्न बीमारियां जैसे श्वास रोग, वात रोग, नेत्र रोग, चर्म रोग, उदर रोग, पुराना ज्वर, बवासीर, बीपी शुगर के लिए रोगों का उपचार कर ग्रामीणों को निःशुल्क औषधि वितरण की गई। शिविर में 150 लोगों लाभ मिला। इस दौरान सरपंच ग्राम पंचायत बिनौरी किरण सनकुमार साहू, डॉ. जितेन्द्र साहू, डॉ.रजनी ध्रुव, डॉ.मोनेश वर्मा, द्वारिका पैकरा, तारण यादव, माखन सेन, प्रेम सिंह साहू, बिसाहिन साहू, चिंताराम ध्रुव, ख़ेतिहार धीवर, द्वारिका सतनामी, सरजू पटेल, दुखूराम साहू, देवसीर साहू उपस्थित थे।

### जिले में दो दिवसीय प्लेसमेंट कैंप कल से

**बलौदाबाजार।** जिले के बेरोजगार युवाओं को सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाइजर के रूप में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए जनपद पंचायत मुख्यालयों में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। जिला कौशल विकास प्राधिकरण से प्राप्त जानकारी के अनुसार एस.आई.एस इंडिया कम्पनी लिमिटेड जशपुर छत्तीसगढ़ के द्वारा जनपद स्तर पर प्लेसमेंट केम्प का आयोजन किया जाएगा। उक्त काउंसलिंग कैम्प 12 अगस्त को जनपद पंचायत भाटापारा एवं 13 अगस्त को जनपद पंचायत बलौदाबाजार में प्रातः 10 से 4 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। कैम्प में चयनित अभ्यर्थियों को सुरक्षाकर्मी के रूप में नियुक्त कर 15 से 25 हजार रुपए तक मासिक वेतन प्रदान किया जायेगा।

### पेपर लीक रोकथाम विधेयक का स्वागत



**सिमगा।** प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक, नकल और अनियमितताओं पर अंकुश लगाने की दिशा में पेपर लीक रोकथाम विधेयक को महत्वपूर्ण कदम बताते हुए सिमगा के नवनियुक्त एल्डरमैन अभिजीत अवस्थी ने इसका स्वागत किया है। अवस्थी ने कहा कि लंबे समय से पेपर लीक और परीक्षा माफियाओं की गतिविधियों के कारण मेहनत करने वाले लाखों युवाओं के भविष्य पर असर पड़ता रहा है। ऐसे में परीक्षा व्यवस्था को पारदर्शी, निष्पक्ष और विश्वसनीय बनाने के लिए सख्त प्रावधान जरूरी थे। उन्होंने कहा कि इस कानून से पेपर लीक, नकल और परीक्षा में अनुचित साधनों पर लगाम लगेगी तथा मेहनत और प्रतिभा के आधार पर युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।

### तुमगांव में जनप्रतिनिधियों ने किया साबुन दान

**महासमुंद।** शासकीय बालक प्राथमिक शाला तुमगांव में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से स्थापित साबुन बैंक में जनप्रतिनिधियों एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा साबुन जमा कर सहयोग प्रदान किया गया।

न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी निपनिया, जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छत्तीसगढ़)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र......ब/ 121 वर्ष 2025 2026
ग्राम का नाम - करहीबाजार

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गनपत पटेल पिता श्री दशरथ पटेल जाति मरार निवासी ग्राम करहीबाजार प.ह.नं. 28 तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा के द्वारा अपने पुत्र सुमित कुमार पिता गनपत माता का नाम धरमिन का जन्म दिनांक 08.01.2008 (स्थान) ग्राम करहीबाजार का पंजीयन करने हेतु रजिस्ट्रार जन्म / मृत्यु सचिव ग्राम पंचायत करहीबाजार तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छत्तीसगढ़) को जन्म / मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छ.ग. जन्म / मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत शपथपत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, सरपंच प्रमाण पत्र एवं शैक्षणिक प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है तथा दिनांक 24/08/2026 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई दावा / आपत्ति पेश करना हो तो नियत पेशी तारीख 24/08/2026 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 04/08/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया।

मुहर — कार्यपालिक दण्डाधिकारी निपनिया (छत्तीसगढ़)

## सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का समापन

**गिधौरी।** शिवरीनारायण धाम में केशरवानी परिवार द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा समापन हुआ। कथा के दौरान कहा गया कि राम नाम ही जीवन का सार है। छठवें दिवस शबरी के राम की कथा के साथ खरौद, शिवरीनारायण एवं गुरु घासीदास की पावन भूमि को नमन करते हुए शिवरीनारायण क्षेत्र को पुण्य तीर्थ क्षेत्र बताया गया। अंतिम दिवस जस पचरा के गीतों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। व्यासपीठ से शिवरीनारायण नगर एवं आसपास के सभी श्रद्धालुओं, आयोजन में सहयोग करने वाले नागरिकों, पुलिस प्रशासन, सुरक्षा व्यवस्था, पत्रकार बंधुओं एवं समस्त सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया।







### सामाजिक वेशभूषा में युवाओं ने दिया एकता का संदेश

# आदिवासी दिवस पर निकाली विशाल रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

नगर में आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज द्वारा विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। इस दौरान समाज के लोगों ने नगर में विशाल रैली निकाल कर नगर भ्रमण किया। जुलूस में बड़ी संख्या में युवा वर्ग शामिल हुए। आदिवासी वेशभूषा में सजे युवाओं ने पारंपरिक अंदाज में अपनी संस्कृति व एकता का अच्छा संदेश दिया। इस दौरान आदिवासी समाज के लोग हाथों में झंडे और पारंपरिक वाद्य यंत्र के साथ नजर आए। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने आदिवासी संस्कृति, परंपरा और समाज की एकजुटता का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मनीराम मरई ने कहा कि आज यह दिवस आदिवासी समुदायों के हक अधिकार, जल, जंगल और जमीन के संरक्षण के साथ उनकी रीति-रिवाज और परंपराओं को सम्मान देने का अवसर है।

कार्यक्रम में उपस्थित रामकुमार, प्रदेश सहसचिव कृष्णा कुंजाम, केशवराम ध्रुव उपाध्यक्ष, छेदू राम ध्रुव दिवान, पवन कुमार ध्रुव कोषाध्यक्ष, बिसंभु ध्रुव महामंत्री, चंदूलाल ध्रुव सचिव, खेमराज शोरी सचिव, शंकर लाल मराई प्रभारी, रामकुमार ध्रुव, गणेश नेताम, डोमार ध्रुव, खेलावन ध्रुव, शिकेश ध्रुव, लोकेश ध्रुव, मिथिले ध्रुव, डोमार ध्रुव, रोहित ध्रुव, परस ध्रुव, परस कुंजाम, महेश ध्रुव, रामरतन ध्रुव, सुरेश ध्रुव, कीर्तन ध्रुव, कर्मचारी प्रकोष्ठ, एवं झिरिया परिक्षेत्र तथा सिमगा के युवा बुर्जुग महिलाएं बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



### पचरी में आदिवासी दिवस पर निकाली पारंपरिक रैली





**खरोरा।** विश्व आदिवासी दिवस पर रविवार को ग्राम पचरी में गोंड आदिवासी समाज द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत प्रभात फेरी से हुई। समाज के महिला, पुरुष एवं बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में तीर-धनुष, ढोल-मांदल के साथ जल-जंगल-जमीन हमारी पहचान के नारे लगाते हुए गांव में रैली के रूप में निकले। ध्रुव समाज भवन में आयोजित रामायण कार्यक्रम बुड़गहन के मानस मंडली में गोंडी लोकगीत, करमा, सुआ एवं गुसड़ी गीत प्रस्तुत किए गए। प्रवचन में वक्ताओं ने भगवान बिरसा मुंडा, टंट्या भील के जीवन संघर्ष एवं आदिवासी संस्कृति के संरक्षण पर विचार रखे। साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य एवं नशामुक्ति का संकल्प लिया गया। गोंड आदिवासी समाज के अध्यक्ष कांति ध्रुव, उपाध्यक्ष श्यामा ध्रुव, सचिव ज्योति ध्रुव, पूर्णिमा ध्रुव, हरी ध्रुव, प्रताप ध्रुव, हिरेन्द्र ध्रुव, करण नेताम सहित समस्त समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन समाज के पदाधिकारियों द्वारा किया गया एवं अंत में आभार व्यक्त किया गया।

## शिवरीनारायण मेला में शामिल हुए राजेश्री महन्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

राज्य गौ सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज पीठाधीश्वर श्री शिवरीनारायण मठ एवं श्री दूधाधारी मठ रायपुर केसरवानी परिवार शिवरीनारायण द्वारा मेला ग्राउंड में आयोजित महापुराण कथा में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने व्यास पीठ पर विराजित आचार्य युवराज पांडे का शाल, श्रीफल से सम्मान किया। आचार्य ने भी पुष्पमाला, साल भेंट करके अभिवादन किया। राजेश्री महन्त महाराज ने अपने सहयोगियों सहित शिव महापुराण की कथा का श्रवण किया। उनके साथ तेलंगाना से पधारे हुए दक्षिण भारतीय अग्रवाल समाज के सह सचिव एवं अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा के तेलंगाना प्रदेशाध्यक्ष महेश अग्रवाल, पौनी महाराष्ट्र से सोमा कावड़े तथा पामगढ़ विधायक शेष राज हरबंस, राघवेंद्र प्रताप सिंह, योगेश शर्मा, सुखराम दास, निर्मल दास वैष्णव, पुरेंद्र सोनी, गोपाल केवट, खगेश वर्मा, हर्ष दुबे, अंकित दुबे सहित अनेक प्रतिष्ठित नागरिक सम्मिलित हुए।

## रामायण कथा से गूंज उठा शिवरी नारायण मठ परिसर



**गिधौरी।** शिवरीनारायण धाम में सावण मास पर प्रतिदिन रात्रि में रामायण कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिससे पूरा वातावरण राममय हो गया है।

कथा के दौरान मठ मंदिर के मुख्तियार सुखराम दास महाराज द्वारा प्रतिदिन रात्रि में लगभग एक घंटे तक रामायण का सस्वर गायन-वादन एवं भावपूर्ण वाचन किया जा रहा है। वे रामायण के विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से श्रद्धालुओं को मर्यादा, सत्य, धर्म, सेवा, त्याग, प्रेम और सदाचार का संदेश दे रहे हैं। कथा में भगवान श्रीराम के आदर्श चरित्र, माता सीता के त्याग एवं भक्त हनुमान के निष्काम समर्पण का सुंदर वर्णन किया जा रहा है।

इस धार्मिक आयोजन में मुख्य रूप से मठ मंदिर के पुजारी त्यागी महराज, चित्रकूट के जटाधारी त्यागी महराज, रामकुमार दास महराज, सीताराम दास महराज, ज्ञान दास महराज, जगन्नाथ दास महराज, अंकित दुबे, पुरेंद्र स्वर्णकार, खगेश वर्मा एवं गणेश नेताम सहित बड़ी संख्या में साधु-संत, शिष्य और क्षेत्रीय श्रद्धालु कथा का पुण्य लाभ उठा रहे हैं।

# हाई स्कूल चरौदा में छात्र संघ का गठन, ईश्वर बने शाला नायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

शासकीय हाई स्कूल चरौदा में छात्र संघ गठन एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दतरेंगा के प्रभारी प्राचार्य रमेश चंद्र खोटे उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद प्रतिनिधि चरण दास कोसले, सरपंच लखेश्वरी जायसवाल एवं शाला समिति अध्यक्ष भान सिंह ध्रुव मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा अतिथियों का तिलक लगाकर, श्रीफल एवं पुष्पहार भेंट कर स्वागत के साथ हुई। समारोह के दौरान अतिथियों ने नवगठित छात्र संघ के पदाधिकारियों को बैच एवं सैश पहनाकर उनके दायित्वों की जिम्मेदारी सौंपी। मुख्य अतिथि रमेश चंद्र खोटे ने कहा कि छात्र जीवन में अनुशासन और जिम्मेदारी का विशेष महत्व है। छात्र संघ विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता विकसित करने का बेहतर माध्यम है।



उन्होंने सभी पदाधिकारियों से अपने दायित्वों का ईमानदारी एवं जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि चरण दास कोसले ने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ विद्यालय की गतिविधियों में भी सक्रिय सहभागिता निभानी चाहिए। छात्र संघ के माध्यम से विद्यार्थियों में नेतृत्व, सहयोग और जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। इसके बाद शाला प्रभारी प्राचार्य ने छात्र संघ के सभी पदाधिकारियों एवं विद्यार्थियों को शपथ दिलाई। विद्यार्थियों ने शाला के विकास को सर्वोपरि रखने, विद्यालय में अनुशासन बनाए रखने तथा विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय रूप से सहयोग करने का संकल्प लिया। छात्र संघ गठन के अंतर्गत ईश्वर यादव को शाला नायक एवं हेमा साहू को शाला नायिका बनाया गया। नव निर्वाचित छात्र पदाधिकारियों ने अपने दायित्वों का ईमानदारीपूर्वक निर्वहन करने का संकल्प लिया। समारोह के दौरान अतिथियों को पौधे भेंट किए गए तथा पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के दौरान नीलकंठ पटेल, दिनेश जायसवाल, मंजू जायसवाल, नंद कुमार, कविता देवगन सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## पेज 9 के शेष

### बाहरी मजदूरों और...

जांच की। अभियान के दौरान पुलिस ने बाहरी व्यक्तियों के आधार कार्ड, वोटर आईडी सहित अन्य पहचान दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन किया। सुरक्षा की दृष्टि से संदिग्ध व्यक्तियों के मोबाइल फोन में मौजूद विभिन्न एप्लीकेशन और अन्य गतिविधियों की भी तकनीकी स्तर पर जांच की गई। अभियान में 350 से अधिक लोगों से पूछताछ की गई, जबकि 68 संदिग्ध व्यक्तियों के फिंगरप्रिंट लेकर बायोमीट्रिक रिकॉर्ड तैयार किया गया।

**मानव कॉलोनी रवान में 300 से अधिक लोगों का सत्यापनः** निरीक्षक परिवेश तिवारी के नेतृत्व में गठित टीम ने अडानी अंबुजा सीमेंट संयंत्र की मानव कॉलोनी रवान में दबिश देकर 300 से अधिक लोगों का सत्यापन और पूछताछ की। सुरक्षा एवं पुलिस रिकॉर्ड के मिलान के लिए 50 संदिग्ध व्यक्तियों के फिंगरप्रिंट लिए गए।

### एसडीएम के आश्वासन...

पंचायत भवन का ताला खुलवाया गया। ग्रामीणों ने जो ताला लगाया था, अधिकारी ने गांव वालों को वापस सौंप दिया, वहां पंचायत का ताला लगा दिया गया। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें शासन-प्रशासन की ओर से पहले भी कई बार आश्वासन मिल चुका हैं। ग्रामीणों ने कहा कि वे प्रशासन की बात मानते हुए फिलहाल तालाबंदी समाप्त कर रहे हैं, लेकिन अब 10 दिनों के भीतर कार्रवाई होती है या यह आश्वासन भी सिर्फ आश्वासन बनकर रह जाता है, यदि निर्धारित समय में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई, तो वे आगे आंदोलन की रणनीति बनाने पर मजबूर होंगे।

### नाला पर अवैध ...

ज्ञापन में उक्त स्थल का राजस्व एवं पंचायत विभाग के माध्यम से निरीक्षण करा कर सरफ नाला की भूमि का सीमांकन करने एवं अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण को तत्काल प्रभाव से रोकने व दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने की मांग की गयी। साथ ही नाला को अतिक्रमण मुक्त कराकर उसे मूल स्वरूप को सुरक्षित रखने की बात कही गई। जिस पर कलेक्टर ने आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया है। उक्त मौके पर कमलेश साहू, सुनीता यादव, मनोज सोनवानी, सरिता धृतलहरे, जिनेन्द्र भारती, जामबाई वैष्णव, आगेश जांगड़े, राधा तम्बोली, देव बघेल सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### जल, जंगल और ...

समाज को आगे ले जाने का सशक्त माध्यम है। विधायक इंद्र साव ने कहा कि आदिवासी समाज की संस्कृति और परंपराएं देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। जल, जंगल और जमीन के संरक्षण में आदिवासी समुदाय की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इस अवसर पर शशांक चौबे, संतोष ध्रुव, जगेश्वर ध्रुव, शंकरलाल ध्रुव, संतराम ध्रुव, रामजी ध्रुव, मोहन ध्रुव, तिलक ध्रुव, लीलुराम ध्रुव, पवन ध्रुव, ओमप्रकाश ध्रुव, जयप्रकाश ध्रुव, सूर्या ध्रुव, कमल प्रसाद मिरी, मोहन छेदईहा, लीलू छेदईहा, पवन छेदईहा, प्रकाश छेदईहा, सूर्या जगत, ओमप्रकाश, काशी पोर्ते, परमेश्वर ध्रुव बड़ी सख्या में आदिवासी युवा संगठन के साथी उपस्थित थे।

### करहीबाजार-शिवनाथ नदी...

**रात के समय बढ़ जाता है खतराः** रात के समय पुल पर प्रकाश व्यवस्था ना होने के कारण समस्या और गंभीर हो जाती है। अंधेरे में सड़क पर बैठे मवेशी वाहन चालकों को दूर से दिखाई नहीं देते।

अचानक सामने आने पर चालक को वाहन संभालने का पर्याप्त समय नहीं मिल पाता, जिससे दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है।ग्रामीणों और वाहन चालकों ने संबंधित प्रशासन एवं स्थानीय निकाय से समस्या समाधान की उम्मीद है कि पुल पर घूमने वाले मवेशियों को हटाने के लिए तत्काल अभियान चलाया जाए। साथ ही मवेशी मालिकों को अपने पशुओं को खुले में छोड़ने से रोकने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाए। स्थानीय लोगों का शासन बड़ी उम्मीद है।



## खबर संक्षेप

### आज पलारी में मनाई जाएगी मिनीमाता की पुण्यतिथि



**पलारी।** सतनाम भवन में 11 अगस्त को मिनीमाता के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है। पुण्यतिथि पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम होंगे, जिसमें छात्रों का सम्मान समारोह, समाज में अच्छा काम कर रहे सामाजिक लोगों का सम्मान जैसे विभिन्न कार्यक्रम होंगे। गौरतलब है कि महान समाज सुधारक मिनीमाता का जीवन संघर्ष भरा रहा सांसद रहते हुए शोषित एवं वंचितों के लिए हमेशा लड़ाई लड़ी।

### छात्रों को खिलायी गई कृमि नाशक एल्बेंडाजोल



**सेल।** सरस्वती शिशु मंदिर भद्रा में राष्ट्रीय कृमि मुक्त दिवस का आयोजन हुआ। इसमें साबुन से हाथ धोकर भोजन करने, बगैर हाथ धोए किसी को चीज नहीं खाने का संदेश दिया गया। राष्ट्रीय कृमि मुक्त दिवस 10 मितानिन और स्वास्थ्य कार्यकर्ता की उपस्थिति में छात्रों को एल्बेंडाजोल कृमि नाशक दवा खिलायी गयी। प्रधानाचार्य राकेश कुमार कश्यप, आचार्य ओम प्रकाश कश्यप, समुद्र कुमार, आचार्या सुनीता केंवट, विनीता कश्यप, निक्की, हिराक्षी, शकुंतला, मितानिन चंद्रिका कश्यप, जानकी बंजारे सहित मितानिन उपस्थित हुए थे।

### सशिमं के छात्रों ने लिया नशा नहीं करने का संकल्प



**अर्जुनी।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अर्जुनी में नशा मुक्ति जागरूकता एवं राष्ट्रीय प्रतिज्ञा अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र द्वारा चलाए जा रहे 'नशा मुक्त भारत' अभियान के अंतर्गत आयोजित 10 करोड़ नशा मुक्त भारत प्रतिज्ञा महाअभियान का हिस्सा रहा। अभियान का संचालन एवं संकल्प ब्रह्माकुमारी नीता के मार्गदर्शन में कराया गया। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य, समस्त आचार्य-दीदियों एवं भैया-बहनों ने नशे से दूर रहने तथा नशा न करने की शपथ ली। कार्यक्रम में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति विद्यार्थियों एवं विद्यालय परिवार को जागरूक किया गया। वक्ताओं ने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ-साथ परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है। स्वस्थ, संस्कारवान एवं नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए युवाओं और विद्यार्थियों की भूमिका महत्वपूर्ण है।

## निधन

### सराधुराम खूंटे



**मुंडा।** ग्राम बरदा निवासी 65 वर्षीय सराधुराम खूंटे का निधन हो गया। वह अनिल खूटे, धर्मेंद्र खूटे, सुनील खूटे, देवेंद्र, मनेंद्र, साहिल खूटे के पिताजी और पं. खेदुराम खूटे के बड़े भैया, रामचंद्र, रमेश खूटे के चाचा, जितेंद्र, दीवान, विजेंद्र खूटे के बड़े बाबूजी थे। उनका अंतिम संस्कार 9 अगस्त को हुआ, जिसमें सामाजिक जन ने कफन के बदले 9250 रुपए का सहयोग दिया और श्रद्धांजलि अर्पित की।

### रामेश्वर सिंह ठाकुर



**खरोरा।** स्थानीय निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक एवं समाज सेवी रामेश्वर सिंह ठाकुर 79 वर्ष का निधन 10 अगस्त को हो गया। उसका अंतिम संस्कार 11 अगस्त खरोरा के वार्ड 11 में करीब 12 बजे किया जायेगा। वे नरेन्द्र ठाकुर पूर्व मंडल अध्यक्ष खरोरा, प्रमोद सिंह ठाकुर, हेमंत सिंह ठाकुर के पिता थे।

# धरसींवा राज में होगा मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज का महाधिवेशन, तैयारियां शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा-नेवरा

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज का महाधिवेशन अगले साल फरवरी में धरसींवा राज में आयोजित किया जाएगा। महाधिवेशन को ऐतिहासिक और भव्य बनाने के लिए राजप्रधान नीलमणि परगनिहा के नेतृत्व में राज कार्यकारिणी ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। महाधिवेशन की तैयारियों को लेकर धरसींवा राज कार्यालय स्थित बेनी राम हनुमंता स्मृति भवन में राज कार्यकारिणी की बैठक हुई। इसमें संरक्षक एवं सलाहकार मंडल को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। बैठक में आयोजन स्थल, संभावित बजट, आर्थिक व्यवस्था और महाधिवेशन को ऐतिहासिक बनाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई।

### चार गांवों ने आयोजन के लिए दिया प्रस्ताव

महाधिवेशन की मेजबानी के लिए मोहदा, बनसांकरा, गिरौद और मोहदी से आवेदन प्राप्त हुए हैं। चारों गांवों के प्रस्ताव केंद्रीय अध्यक्ष को भेजे जाएंगे। इसके बाद केंद्रीय टीम संबंधित गांवों का निरीक्षण कर आयोजन के लिए उपयुक्त स्थल का चयन करेगी। बैठक में पूर्व राजप्रधान ऋषि कुमार वर्मा ने परसतराई में हुए पूर्व महाधिवेशन के अनुभव साझा करते हुए आयोजन की रूपरेखा, बजट और धन संग्रह को लेकर प्रस्ताव रखा। पूर्व केंद्रीय महामंत्री रुद्र कुमार वर्मा ने स्वेच्छानुदान प्राप्त करने की प्रक्रिया पर सुझाव दिया। केंद्रीय मंत्री डॉ. जीवराखन वर्मा ने भी अपने विचार रखे। सचिव जितेंद्र वर्मा ने बैठक की कार्यवाही पंजी में दर्ज की और प्रस्तावों का वाचन किया। सदस्यों ने प्रस्तावों को ध्वनिमत से पारित किया।



### बैठक में जुटा एक लाख रुपए का सहयोग

बैठक में तय किया गया कि धरसींवा राज में निवासरत स्वजातियों से प्रति एकड़, निजी एवं शासकीय क्षेत्र में कार्यरत तथा व्यवसाय से जुड़े स्वजातियों से निर्धारित राशि स्वेच्छानुदान के रूप में एकत्रित की जाएगी। इसके अलावा समाज के विशेष व्यक्तियों से टीम सीधे संपर्क कर सहयोग राशि जुटाएगी। बैठक में समाज के महापुरुषों डॉ. खूबचंद बघेल, स्वामी आत्मानंद महाराज, दाऊ भोला प्रसाद, डॉ. नरेंद्रदेव वर्मा और दाऊ विजय वर्मा के योगदान को याद किया गया।

## सोमनाथ में हजारों श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक, हर तरफ गूंजे बोल बम के जयकारे

# सावन के दूसरे सोमवार शिव मंदिरों में उमड़ा आस्था का जन सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा-नेवरा

सावन के दूसरे सोमवार को तिल्दा-नेवरा क्षेत्र के शिव मंदिरों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही श्रद्धालु फूल, अगरबती बेलपत्र, दूध, दही, धतूरा और फल सहित पूजा सामग्री लेकर मंदिरों में पहुंचते रहे। मंदिरों में दिनभर ॐ नमः शिवाय के जाप और हर-हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांवरिए तिल्दा के लखना गांव होते हुए खारून और शिवनाथ नदी के संगम स्थल स्थित प्रसिद्ध सोमनाथ मंदिर पहुंचे। श्रद्धालुओं ने पवित्र संगम में स्नान कर भगवान शिव के दिव्य शिवलिंग पर जलाभिषेक किया।

सोमनाथ में सावन के पूरे महीने धार्मिक माहौल बना रहता है। दूसरे सोमवार को भी हजारों की संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचे। श्रद्धालुओं की संख्या तीसरे और अंतिम यानि की चोथे सोमवार को भक्तो संख्या और बढेग़ी। तिल्दा शहर और आसपास के अलावा बलौदाबाजार-भाटापारा, पलारी, खरोरा, सिमगा, बेमेतरा और रायपुर सहित दूर-दराज के क्षेत्रों से भी कांवरिए यहां पहुंचते हैं।

तिल्दा की कई सेवा समितियों सहित विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा कांवरियों और श्रद्धालुओं के लिए रास्ते में पानी, चाय, नाश्ता, फल और भोजन की व्यवस्था की जाती है।

सोमनाथ सेवा समिति के तत्वाधान में तिल्दा से श्रद्धालु हरिद्वार से लाए गए गंगाजल को लेकर संकट मोचन हनुमान मंदिर से सोमनाथ तक करीब 16 किलोमीटर की कांवर यात्रा करते हैं और भगवान शिव का गंगाजल से अभिषेक करते हैं।





### अवैध वसूली आरोप

जहां एक ओर सोमनाथ में आस्था और भक्ति का माहौल देखने को मिला, वहीं दूसरी ओर दर्शन व्यवस्था को लेकर कुछ श्रद्धालुओं में नाराजगी भी सामने आई है। श्रद्धालुओं ने आरोप लगाया कि कुछ स्थानों पर बैरियर लगाकर वाहनों से आने वाले लोगों से कथित रूप से अवैध वसूली की जा रही है। यह वसूली किसके द्वारा की जा रही है और उन्हें किसने तैनात किया है, इसे लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है।

### दर्शन व्यवस्था को लेकर श्रद्धालुओं में नाराजगी

कुछ श्रद्धालुओं ने मंदिर में पीछे के दरवाजे से पैसे लेकर जलाभिषेक और पूजा कराने की व्यवस्था होने का भी आरोप लगाया है। उनका कहना है कि पहले सभी श्रद्धालुओं को दिव्य शिवलिंग तक पहुंचकर अपने हाथो से जलाभिषेक करने का अवसर मिलता था, फिर भक्त चाहे साधारण हो या या मंत्री विधायक, लेकिन अब कथित तौर पर मंदिर समिति के पदाधिकारियों से पहुंच रखने वाले अथवा पैसे देने वाले लोगों को ही विशेष सुविधा मिल रही है। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

# हिरमी में बच्चों को खिलाई गई एलबेंडाजोल की दावा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत स्वास्थ्य विभाग की विशेष पहल पर ज्ञानोदय स्कूल हिरमी में छात्र-छात्राओं को कृमि नाशक एलबेंडाज़ोल की खुराक दी गई। इस दौरान स्कूल के सभी बच्चों को एलबेंडाज़ोल की गोलियां खिलाई गईं, ताकि उन्हें पेट के कीड़ों से बचाया जा सके और उनके स्वास्थ्य में सुधार हो सके।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्राचार्य पीआर वर्मा ने बच्चों को दवाई और कृमि संक्रमण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्राचार्य ने दी महत्वपूर्ण जानकारी प्राचार्य पीआर वर्मा ने कहा पेट में कीड़े होने से बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में बाधा आती है। इससे खून की कमी एनेमिया और कुपोषण जैसी समस्याएं पैदा होती हैं। एलबेंडाज़ोल की दवा पूरी तरह सुरक्षित है और इसका सेवन करने से बच्चे ऊर्जावान एवं स्वस्थ रहते हैं।/"उन्होंने बच्चों को व्यक्तिगत



स्वच्छता, खाना खाने से पहले हाथ धोने और खुले में शौच न करने जैसी अच्छी आदतों को अपनाने के लिए भी प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित इस स्वास्थ्य अभियान को सफल बनाने के लिए स्कूल के शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। आर. के. बंजारे, बीरेंद्र लहरे, इंदूरानी वर्मा, पूर्णिमा, अजय, पंकज, नीरज वर्मासभी शिक्षकों के मार्गदर्शन और देखरेख में बच्चों को गोलियां खिलाई गईं। संस्था ने स्वास्थ्य विभाग की इस पहल की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों को आयोजित करने की बात कही।

# हायर सेकंडरी की छात्राओं को बांटी गई साइकिलें



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गिधौरी में कक्षा नवमी के 31 छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, पालकों, शाला प्रबंधन समिति एवं शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया गया।

जनप्रतिनिधियों ने सभी स्कूली छात्र छात्राओं को अच्छे पढाई लिखाई और स्वच्छता पर भी ध्यान देने पर जोर दिया। अतिथियों ने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शासन की यह योजना बालिकाओं की शिक्षा को प्रोत्साहित देती है, विद्यालय तक उनकी सुगम एवं सुरक्षित पहुंच सुनिश्चित करने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करने की दिशि में महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मदन लाल खाण्डेकर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष, शंकर पटेल उपाध्यक्ष, सरपंच देवप्रसाद केवट, राजा वर्मा जनपद सदस्य, सुखीराम वर्मा सदस्य, प्रजापति ब्रहाकुमारी विश्व विद्यालय शाखा टुण्डरा के सुश्री बी. के गंगा, सुश्री दिनेशरी, प्राचार्य रमेश यादव, जय देवांगन, कुमार कश्यप, मथुरा राय, सुनील सोनी, छत्तराम देवांगन, नेहा केशरवानी, उषा डडसेना, चंद्रिका कैवर्त, चंदराम साहू, प्रधानपाठक रीना शुक्ला, अजय जांगडे, छोटुदास महंत, अश्विनी देवांगन आदि उपस्थित थे।

*प्रशिक्षणार्थियों को हुनर से आत्मनिर्भर बनने किया गया प्रेरित*

# 28 प्रशिक्षणार्थी आत्मनिर्भरता की ओर, आरसेटी में 35 दिवसीय जूनियर ब्यूटी प्रैक्टिशनर प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

एसबीआई ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी), बलौदाबाजार में 35 दिवसीय जूनियर ब्यूटी प्रैक्टिशनर प्रशिक्षण कार्यक्रम के बैच का असेसमेंट एवं फेयरवेल कार्यक्रम हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 28 प्रशिक्षणार्थियों ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सौंदर्य एवं व्यक्तिगत देखभाल के क्षेत्र में आवश्यक व्यावहारिक एवं तकनीकी कौशल प्रदान किए गए। प्रशिक्षणार्थियों ने प्रशिक्षण अवधि के दौरान अर्जित ज्ञान, कौशल एवं अनुभवों को साझा करते हुए स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने तथा आत्मनिर्भर बनने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।असेसमेंट कार्यक्रम का संचालन आरसेटी राज्य नियंत्रक, छत्तीसगढ़ अरूण कुमार सोनी के मार्गदर्शन में ईडीपी असेसर कुमुद महेश्वर शुक्ला एवं डोमेन असेसर पूनम पाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर आरसेटी निदेशक बैजनाथ कुमार, अग्रणी जिला प्रबंधक (एलडीएम) शिव कुमार कंवर, प्रशिक्षक पूनम राजपूत सहित आरसेटी के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को प्राप्त कौशल का सदुपयोग करते हुए स्वयं का व्यवसाय स्थापित करने, आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने तथा अन्य लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए प्रेरित किया।



### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए मंगाये गए आवेदन

**बलौदाबाजार।** जिले में संचालित शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई आदि में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं। वे शिक्षा सत्र 2026-27 हेतु पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति नवीन एवं नवीनीकरण के लिए ऑनलाइन आवेदन 30 दिसम्बर तक कर सकते हैं। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया है कि शिक्षा सत्र 2026-27 हेतु ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति कक्षा 12वीं से उच्चतर के पंजीयन स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही ऑनलाइन वेबसाईट पर की जा रही है। विद्यार्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन 30 दिसम्बर तक किया जा सकता है। स्वीकृति एवं वितरण सभी शासकीय महाविद्यालयों एवं निजी महाविद्यालयों में 18 जनवरी तक निर्धारित किया गया है।

# चिचोली से शुरू हुआ विजन केयर प्रोजेक्ट

**तिल्दा-नेवरा।** तिल्दा के ग्रामीण क्षेत्रों में वरिष्ठ नागरिकों के नेत्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दिशा में अदाणी फाउंडेशन ने पहल की है। फाउंडेशन द्वारा विजन केयर प्रोजेक्ट का शुभारंभ शुक्रवार को ग्राम चिचोली से किया। परियोजना के माध्यम से अदाणी पावर लिमिटेड रायखेड़ा के आसपास के गांवों में रहने वाले करीब 2,800 वरिष्ठ नागरिकों की निःशुल्क नेत्र जांच की जाएगी। जांच के बाद जिन बुजुर्गों को चश्मे की आवश्यकता होगी, उन्हें निःशुल्क चश्मे भी उपलब्ध कराए जाएंगे। परियोजना के शुभारंभ अवसर पर ग्राम चिचोली में नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण वरिष्ठ नागरिक पहुंचे। विशेषज्ञों ने बुजुर्गों की आंखों की जांच कर दृष्टि संबंधी समस्याओं की पहचान की और आवश्यक परामर्श दिया। जांच के दौरान दृष्टि संबंधी समस्या पाए जाने और चश्मे की आवश्यकता होने पर लाभार्थियों को निःशुल्क चश्मे प्रदान किए जाएंगे।



## कर्मचारियों के हित और कार्यस्थल की सुरक्षा संगठन की प्राथमिकता

# बिजली कर्मचारी संघ ने बनाई आंदोलन की रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक भाटापारा में हॉटल वृदांवन पैलेस में आयोजित की गयी। उक्त बैठक में भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय मंत्री राधेश्याम जायसवाल, बीएमएस के उपमहामंत्री हरीश चौहान, प्रांतीय अध्यक्ष संजय तिवारी, बाह्मय स्त्रोत कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक मजमूदार, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष बी.एस. राजपूत, सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए लगभग सौ पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रांतीय महामंत्री नवरतन बरेठ द्वारा किया गया।

उक्त बैठक में मुख्य रूप से आगामी 17 अगस्त के आंदोलन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। उपस्थित पदाधिकारियों के द्वारा आंदोलन की वर्तमान स्थिति, संगठन की तैयारियों तथा आगामी रणनीति पर अपने विचार व्यस्त करते हुए आगामी 18 अगस्त के अन्य पदाधिकारियों के साथ पुनः गहन चर्चा के पश्चात अंतिम निर्णय लिए जाने की जानकारी दी गई। साथ ही अधिक से अधिक कर्मचारियों को महासंघ की सदस्यता दिलाने हेतु सकिय प्रयास किये जाने के निर्देश दिए गए। इसके उपरांत छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ भाटापारा संभाग की नवीन कार्यसमिति का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष महेन्द्र कुमार वर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष मालिकराम देवांगन, उपाध्यक्ष भूषणलाल वर्मा, सचिव संजय बिहारी अग्रवाल, सह सचिव संतोष कुमार जायसवाल, कोषाध्यक्ष योगेश कुमार देवांगन, कार्यालय सचिव दिनेश कुमार वर्मा एवं संगठन सचिव हनीफ मोहम्मद एवं महेश्वर जाधव के साथ कार्यकारिणी सदस्य का चुनाव किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन की मजबूती, कर्मचारियों के हितों की रक्षा एवं कार्यस्थल पर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी पदाधिकारीगण एक जुट होकर अपने क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाते हुए अधिक से अधिक संख्या में कर्मचारियों के महासंघ में जुड़ने का था।




